हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, रविवार 5 अप्रैल 2026

तापमान
अधिकतम 33.3 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

**शहर में आज**
- महम में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की रैली।
- रोडवेज डिपो में कर्मचारी यूनियन की मीटिंग।
- संकट मोचन मंदिर में पूजा-अर्चना




**भगवान भरोसे आम आदमी का इलाज :** गुपचुप तरीके से अचानक मारा छापा, भागते-दौड़ते नजर आए अधिकारी

# पीजीआई में दवा की कमी पर भड़कीं स्वास्थ्य मंत्री

## संकट — सरकार दे रही 540 दवाएं संस्थान में 200 भी नहीं

## सख्ती — दो बजे के बाद कार्ड नहीं बन रहे ऐसे अस्पताल का क्या फायदा

## गुस्सा — शौचालयों में मिली गंदगी ताले देख लगाई फटकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने पीजीआईएमएस में मरीजों को दी जा रही दवाइयों की कमी पर नाराजगी जताई। मामले में कमेटी गठित कर जांच के आदेश दिए हैं। वे शनिवार को दोपहर पीजीआईएमएस की चौधरी रणबीर सिंह ओपीडी का औचक निरीक्षण करने पहुंची थीं। वह अकेले बिना किसी को बताएं अचानक पीजीआई की रणबीर सिंह ओपीडी में पहुंच गई। स्वास्थ्य मंत्री आरती राव ने यहां मरीजों से बातचीत की और पीजीआई में मिल रहे इलाज के बारे में पूछा। एक मरीज ने बताया कि काफी दवाइयां उन्हें नहीं मिल रही हैं, पीजीआई के चीफ फार्मासिस्ट ने स्वास्थ्य मंत्री को बताया कि संस्थान में अभी 200 से भी कम दवाइयां उपलब्ध हैं। इस पर स्वास्थ्य मंत्री ने एक कमेटी बिठाने के निर्देश दिए कि जब सरकार करीब 540 प्रकार की दवाइयां उपलब्ध करवा रही है तो यहां 200 से भी कम दवाइयां ही क्यों खरीद कर मरीजों को प्रदान की जा रही हैं। इसकी पूरी जांच होनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि उन्हें लगातार शिकायतें मिल रही हैं।


रोहतक। मरीजों से बातचीत करतीं स्वास्थ्य मंत्री।


चिकित्सा अधीक्षक डॉ. कुंदन मित्तल से जानकारी लेतीं आरती राव।

### एक दिन में मिलनी चाहिए एमआरआई और सीटी स्कैन रिपोर्ट
उन्होंने पीपीपी मोड पर लगी हेल्थ मैप की सीटी स्कैन और एमआरआई मशीन के कक्ष का निरीक्षण किया। आदेश दिए कि मरीजों को तीन से चार दिन की जगह एक दिन के अंदर ही उनकी एम आर आई और सीटी स्कैन की रिपोर्ट उपलब्ध करवाई जाए ताकि जल्द से जल्द इलाज शुरू हो सके।

### कार्ड रजिस्ट्रेशन के लिए दोनों खिड़की खुलवाएं
उन्होंने पीजीआई में मरीजों के कार्ड बनाने को लेकर भी नाराजगी जताई। वह बोलीं, यह कैसा पीजीआई है जब यहां दो बजे के बाद कार्ड ही नहीं बनाए जा रहे। मरीज ऐसे में क्या करेंगे। उन्होंने कहा कि रजिस्ट्रेशन रूम के दोनों विंडो खोलने चाहिए। मरीजों को किसी प्रकार की दिक्कत नहीं आनी चाहिए।

### बिना सूचना पीजीआई पहुंचीं तो प्रशासन में मच गया हड़कंप
स्वास्थ्य मंत्री आरती राव ने अचानक पीजीआई की रणबीर सिंह ओपीडी का दौरा कर स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लिया। बिना किसी पूर्व सूचना के पहुंची मंत्री को देखकर अस्पताल प्रशासन में हड़कंप मच गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मरीजों से बातचीत कर उपचार सुविधाओं, दवाइयों और स्टाफ के व्यवहार के बारे में जानकारी ली।

### ब्लड सैंपल के लिए क्यों लग रही लंबी-लंबी लाइनें
स्वास्थ्य मंत्री ने हड्डी रोग विभाग की ओपीडी का निरीक्षण करते हुए 75 नंबर कमरे में लिए जा रहे ब्लड सैंपल पर लगी भीड़ को देखकर काफी नाराजगी जाहिर करते हुए अधिकारियों को आदेश दिए कि मरीजों का तत्परता से इलाज उपलब्ध करवाया जाए ताकि उन्हें ज्यादा देर तक लाइन में खड़ा ना रहना पड़े। जहां पर भी अतिरिक्त लैब टेक्नीशियन और डाटा एंट्री ऑपरेटर हो उनकी नियुक्ति की जाए।

### साफ-सफाई को लेकर दिए निर्देश
स्वास्थ्य मंत्री ने शौचालयों का भी निरीक्षण किया और स्वच्छता की कमी मिलने पर अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए गए कि शौचालयों की ओपीडी के समय तीन बार सफाई होनी चाहिए।

### चिकित्सकों की कमी होगी पूरी
स्वास्थ्य मंत्री ने इसके पश्चात स्त्री रोग विभाग, सुपर स्पेशलिटी विभाग और सर्जरी विभाग की ओपीडी का भी निरीक्षण किया और कहां की वे बहुत जल्द किसी भी समय वार्डों के औचक निरीक्षण करने के दोबारा पीजीआईएमएस में आ सकती हैं। उन्होंने बताया कि बहुत जल्द बॉन्ड वाले नए चिकित्सा आ जाएंगे जिससे काफी हद तक चिकित्सकों की कमी पूरी हो जाएगी। स्वास्थ्य मंत्री आरती राव ने कहा कि पीजीआई में काफी जगह निरीक्षण किया गया है और कई जगह खामियां मिली है। जहां खामियां पाई गई, उनको लेकर अधिकारियों को निर्देश दिए गए है। पीजीआई की व्यवस्था में सुधार देखने को मिलेगा।

*पुलिस-ट्रैफिक को देखकर नहीं रुकते थे चालक, अब स्वैट को कमान*

# जिस टीम को आतंकियों से लड़ने के लिए बनाया, वह उतरवा रही कार की फिल्में

**संसाधनों का दुरुपयोग**

**'स्वैट' का मतलब अतिसंवेदनशील हथियार और रणनीति**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

"क्या होगा पुलिस का?"यह सवाल अक्सर तब उठता है जब लोग खुलेआम नियमों की धज्जियां उड़ाते नजर आते हैं। रोहतक की सड़कों पर भी कुछ ऐसा ही हाल था। ट्रैफिक पुलिस को देखकर वाहन चालक गाड़ी रोकने के बजाय तेज रफ्तार से निकल जाते थे। खासकर ब्लैक फिल्म लगी गाड़ियों में सवार युवक नियमों को चुनौती देते दिखते थे। लेकिन अब हालात बदलते नजर आ रहे हैं। पुलिस ने इस चुनौती से निपटने के लिए अपनी सबसे तेज और प्रशिक्षित स्वैट टीम को मैदान में उतार दिया है।बता दें कि अपातकालीन स्थितियों से निपटने के लिए जानी जाने वाली स्वैट टीम अब ट्रैफिक नियमों की पालना करवाने में भी अहम भूमिका निभा रही है। शनिवार को सेक्टर-14 के गेट के सामने स्वैट टीम ने गाड़ियों पर से ब्लैक फिल्म उतरवाई। शहर में बढ़ते नियम उल्लंघन और लगातार मिल रही शिकायतों के बाद यह फैसला लिया गया। खासकर गाड़ियों पर गैरकानूनी ब्लैक फिल्म लगाकर घूमने वालों पर शिकंजा कसने के लिए यह विशेष अभियान शुरू किया गया है।


रोहतक। मदवि गेट पर गाड़ियों की फिल्म उतरवाते स्वैट टीम के जवान।

### नाके लगाकर वाहनों की जांच शुरू
स्वैट टीम ने शहर के प्रमुख स्थानों पर नाके लगाकर वाहनों की जांच शुरू की। जैसे ही टीम सेक्टर-14 गेट पर पहुंची, वहां माहौल पूरी तरह बदल गया। पहले जहां वाहन चालक बिना रुके निकल जाते थे, वहीं अब स्वैट टीम की मौजूदगी देखकर लोग खुद ही गाड़ी रोकने लगे।

### कई वाहन चालकों ने गलती स्वीकारी
अभियान के दौरान जिन वाहनों पर ब्लैक फिल्म लगी मिली, उन्हें तुरंत रोककर मौके पर ही फिल्म उतरवाई गई। कई चालकों ने अपनी गलती स्वीकार की और भविष्य में नियमों का पालन करने का भरोसा दिया। वहीं कुछ ऐसे भी युवक मिले, जिन्होंने पहले बचने की कोशिश की, लेकिन स्वैट टीम की मुस्तैदी के चलते उनकी चाल नहीं चल पाई।

### ब्लैक फिल्म सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा
पुलिस अधिकारियों का कहना है कि ब्लैक फिल्म सिर्फ एक छोटी सी गलती नहीं है, बल्कि यह कानून और सुरक्षा दोनों के लिए बड़ा खतरा है। काले शीशों के कारण वाहन के अंदर क्या हो रहा है, यह बाहर से दिखाई नहीं देता, जिससे आपराधिक गतिविधियों को बढ़ावा मिल सकता है।

**क्यों खतरनाक है ब्लैक फिल्म!**
- वाहन के अंदर की गतिविधियां नहीं दिखती
- अपराधियों को छिपने का मौका मिलता है
- पुलिस जांच में आती है बाधा
- सड़क सुरक्षा को खतरा

**क्या हैं नियम!**
- वाहनों पर ब्लैक फिल्म पूरी तरह प्रतिबंधित
- नियम तोड़ने पर चालान और फिल्म हटाना अनिवार्य
- बार-बार उल्लंघन करने पर कड़ी कार्रवाई संभव

**अभियान की मुख्य बातें**
- स्वैट टीम ने संभाली कमान
- सेक्टर-14 सहित कई जगहों पर नाके
- मौके पर ही उतरवाई गई ब्लैक फिल्म
- नियम तोड़ने वालों को चेतावनी

# कैंसर से पीड़ित महिला ने जलघर में कूदकर दी जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

झज्जर रोड स्थित जलघर से एक दुखद और चिंताजनक घटना सामने आई, जिसने पूरे इलाके को स्तब्ध कर दिया। सुबह के समय रोज की तरह टहलने पहुंचे लोगों ने जब पानी की डिग्गी के पास हलचल देखी तो पास जाकर देखा कि अंदर एक महिला का शव तैर रहा है। यह दृश्य देखते ही लोगों के होश उड़ गए। स्थानीय लोगों ने तुरंत साहस दिखाते हुए शव को बाहर निकाला और पुलिस को सूचना दी। शिवाजी कॉलोनी थाना पुलिस मौके पर पहुंची। जांच के दौरान महिला की पहचान हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी निवासी करीब 40 वर्षीय सुमन के रूप में हुई, जो अपने परिवार के साथ वहीं रहती थी। सुमन के पति सुनील दिल्ली ट्रांसपोर्ट कॉरपोरेशन में कार्यरत हैं। परिवार के अनुसार, सुमन रात करीब 11 बजे तक घर पर ही थी, उसके बाद वह अचानक लापता हो गई। सुबह शव मिलने की खबर से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा।


रोहतक। जांच करतीं एफएसएल टीम की प्रमुख डॉ. सरोज दहिया।

### लास्ट स्टेज में थी मृतका
मृतका सुमन कैंसर की मरीज बताई जा रही है, जो ब्लड कैंसर के लास्ट स्टेज पर पहुंच चुकी थी। बीमारी के कारण परेशान होकर महिला ने आत्म हत्या जैसा कदम उठाया। सुमन की मौत के बाद परिवार के लोगों का बुरा हाल है।



मानसरोवर पार्क में 25 लाख की लागत से निर्माण शुरू

# दिव्यांग बच्चों के लिए विशेष पार्क

## अनुकूलित और सुरक्षित झूलों की होगी व्यवस्था

## सोलर एनर्जी से संचालित गजीबो की होगी सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

दिव्यांग बच्चों के समग्र विकास और उन्हें समावेशी वातावरण प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए मानसरोवर पार्क में 25 लाख रुपये की लागत से अल्ट्रा मॉडर्न विशेष पार्क का निर्माण कार्य शुरू किया गया है। यह पार्क हरियाणा का अपनी तरह का पहला अत्याधुनिक पार्क होगा, जिसे खास तौर पर दिव्यांग बच्चों की जरूरतों को ध्यान में रखकर विकसित किया जा रहा है। निर्माण कार्य का शुभारंभ पूर्व मेयर मनमोहन गोयल, निगम पार्षद कंचन खुराना, आशा आहूजा, शीतल पाल और वीना धींगरा द्वारा नारियल फोड़कर किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहे। निगम पार्षद कंचन खुराना ने बताया कि इस विशेष जोन में दिव्यांग बच्चों के लिए अनुकूलित और सुरक्षित झूलों की व्यवस्था की जा रही है। इनमें फिश फनी सी-सा, सनिकर स्विंग, गोंडोला स्विंग, एक्स-ओ-एक्स-ओ पैनल जैसे आधुनिक खेल उपकरण शामिल होंगे। इसके अलावा व्हीलचेयर फ्रेंडली ट्रैक, स्टीग्रिल, टर्फिंग लॉन और सोलर एनर्जी से संचालित गजीबो (बैठने की व्यवस्था) का निर्माण भी किया जाएगा। पार्क में मोबाइल चार्जिंग पॉइंट और सोलर चलित पंखों की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे यह पार्क आधुनिक तकनीक और पर्यावरण संरक्षण दोनों का उदाहरण बनेगा। उन्होंने कहा कि यह पार्क न केवल बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास में सहायक होगा, बल्कि उनमें आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता की भावना को भी मजबूत करेगा। इस अवसर पर डॉ. मंगल सेन, मंडल अध्यक्ष अमित मग्गू, महामंत्री मुकेश टक्कर, रिंकू कपूर, आदिश जैन, अजय निझावन, सुभाष मल्होत्रा, जतिन बत्रा, नवीन भारती, सुरेंद्र सहगल, अनिल दुआ सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।



### सशक्तिकरण की दिशा में कदम

पूर्व मेयर मनमोहन गोयल ने इस परियोजना की सराहना करते हुए कहा कि यह पहल समाज में समानता और सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने विश्वास जताया कि यह पार्क अन्य शहरों के लिए भी प्रेरणास्रोत बनेगा। यह परियोजना न केवल दिव्यांग बच्चों के लिए सुविधाजनक वातावरण उपलब्ध कराएगी, बल्कि समाज में संवेदनशीलता और जागरूकता बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

# बजट में पेंशनर्स की अनदेखी पर रोष 21 को धरना-प्रदर्शन का किया ऐलान

- एलटीसी सुविधा समाप्त करने पर नाराजगी, मांगें पूरी न होने पर बड़े आंदोलन की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

अखिल भारतीय राज्य सरकारी पेंशनर्स फेडरेशन से संबद्ध रिटायर्ड कर्मचारी संघ की बैठक रोडवेज यूनियन कार्यालय में हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला प्रधान जगपाल सांगवान ने की, जबकि संचालन सचिव ओमप्रकाश कादियान ने किया। बैठक में पेंशनर्स ने सरकार द्वारा बजट में उनकी मांगों की अनदेखी पर नाराजगी जताई। जगपाल सांगवान ने बताया कि 21 अप्रैल को सभी जिला उपायुक्त कार्यालयों पर धरना-प्रदर्शन कर "मांग दिवस" मनाया जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि लगातार आंदोलन के बावजूद सरकार रिटायर्ड कर्मचारियों की जायज मांगों को लागू नहीं कर रही है, बल्कि एलटीसी जैसी सुविधाएं भी समाप्त कर दी गई हैं। इससे पेंशनर्स में भारी असंतोष है।



रोहतक। अपनी मांगों के लिए प्रदर्शन करते रिटायर्ड कर्मचारी संघ के सदस्य।


रोहतक। कार्यक्रम को संबोधित करते मुख्य वक्ता डॉ. मनीषा।

### छात्राओं को लैंगिक संवेदनशीलता पर किया जागरूक

रोहतक। राजकीय महिला महाविद्यालय की आंतरिक शिकायत समिति द्वारा शनिवार को "जेंडर सेंसिटाइजेशन बियॉन्ड क्लासरूम्स: रियल लाइफ एप्लीकेशंस" विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया। डॉ. मनीषा ने लैंगिक संवेदनशीलता के व्यावहारिक पहलुओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि लैंगिक संवेदनशीलता को केवल किताबी ज्ञान या शैक्षणिक दायरे तक सीमित नहीं रखना चाहिए, बल्कि इसे जीवन के हर क्षेत्र में व्यावहारिक रूप से लागू करना अनिवार्य है। उन्होंने समाज में समानता और संवेदनशीलता के महत्व को वास्तविक जीवन के उदाहरणों के माध्यम से समझाया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य शमशेर सिंह हुड्डा ने की।




### जागरूकता रैली से एनएसएस शिविर का सफल समापन

रोहतक। हिसार रोड स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में 4 अप्रैल को राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा आयोजित सात दिवसीय शिविर का सफलतापूर्वक समापन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या डॉ. सुनीता अहलावत ने की, जबकि संचालन एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर मंजू के नेतृत्व में हुआ। समापन दिवस पर प्रातः जागरूकता रैली निकाली गई, जिसमें नशा मुक्ति, प्लास्टिक पर रोक और स्वच्छता जैसे सामाजिक विषयों पर संदेश दिया गया। मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व जिला एनएसएस समन्वयक श्री विजय शर्मा ने शिरकत की। उन्होंने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए सामाजिक सेवा के महत्व पर जोर दिया और एनएसएस के उद्देश्यों को अपनाने के लिए प्रेरित किया।



### शिविर में की 385 नेत्र रोगियों की जांच, 45 का होगा ऑपरेशन

रोहतक। जन सेवा संस्थान की ओर से भिवानी रोड स्थित वृद्ध आश्रम में संस्थान अध्यक्ष महामंडलेश्वर डॉ स्वामी परमानन्द महाराज के सानिध्य में मुख्य अतिथि डॉ राकेश चावला द्वारा दीप प्रज्वलित करके निशुल्क नेत्र जांच एवं आपरेशन शिविर लगाया गया। कैम्प में डॉ. नीरज दुआ, डॉ. राकेश चावला द्वारा 385 रोगियों की जांच की गई व दवाई प्रदान की गई। ऑपरेशन के लिए 45 रोगियों का चयन किया गया जिनका आपरेशन भिवानी के अस्पताल में निशुल्क करवाया जाएगा। परिवहन, भोजन, दवाई, आपरेशन का सामान, लेंस,चश्मा आदि सभी निःशुल्क प्रदान किये जाएंगे। इस अवसर पर राकेश चावला, पवन जिंदल, मास्टर होशियार सिंह ,पी वर्मा, डॉ. लक्की मदान, सहित संस्थान के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### पीटीएम में अभिभावकों ने जाना बच्चों का रिपोर्ट कार्ड

रोहतक। पंडित नेकी राम शर्मा राजकीय महाविद्यालय में शनिवार को अभिभावक-शिक्षक बैठक (पीटीएम) का भव्य आयोजन किया गया। प्राचार्य प्रोफेसर सुरेंद्र सांगवान के मार्गदर्शन में आयोजित इस बैठक का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति और उनके सर्वांगीण विकास पर चर्चा करना रहा। कार्यक्रम के संयोजक प्रोफेसर सतीश खासा के नेतृत्व में आयोजित इस पीटीएम में अभिभावकों की भारी भीड़ उमड़ी। शिक्षकों ने विद्यार्थियों की उपस्थिति, कक्षा के व्यवहार और परीक्षा परिणामों की विस्तृत रिपोर्ट साझा की। इस दौरान श्रीमती सुनीता रानी और प्रोफेसर राजेश दहिया सहित महाविद्यालय के स्टाफ ने अभिभावकों को करियर काउंसलिंग और भविष्य के प्लेसमेंट अवसरों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी। प्राचार्य प्रोफेसर सांगवान ने संवाद पर जोर देते हुए कहा कि विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए शिक्षक और अभिभावक के बीच तालमेल होना अनिवार्य है। उन्होंने अभिभावकों के उत्साहपूर्ण सहयोग की सराहना की। अंत में कॉलेज प्रशासन ने सफल आयोजन के लिए सभी का आभार व्यक्त किया।

# महम अनाज मंडी में अनिश्चितकाल के लिए गेहूं व सरसों की खरीद बंद

## बायोमेट्रिक व नंबर प्लेट से किसानों को परेशानी

- बायोमेट्रिक के खिलाफ एकजुट हुए आढ़ती, मार्केट कमेटी कार्यालय के सामने किया प्रदर्शन
- आढ़तियों ने सरकार के खिलाफ की नारेबाजी, नई शर्तें वापस लेने की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

अनाज मंडी में किसान की बायोमैट्रिक हाजरी और ट्रैक्टर ट्रॉली पर ट्रैक्टर का नंबर लिखा होने की शर्त से महम क्षेत्र के किसानों और आढ़तियों में प्रदेश सरकार के प्रति रोष है। महम अनाज मंडी के आढ़तियों ने शनिवार सुबह बायोमैट्रिक हाजरी और ट्रैक्टर नंबर के विरोध में एकजुटता दिखाई।

महम अनाज मंडी के आढ़ती मार्केट कमेटी कार्यालय में पहुंचे। यहां उन्होंने मार्केट कमेट सचिव दीपक के सामने अपनी समस्याय बताई और इसको लेकर विरोध दर्ज करवाया। जब मार्केट कमेटी अधिकारियों द्वारा कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया तो मंडी के आढ़तियों ने मार्केट कमेटी कार्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। आढ़तियों ने इस दौरान सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। आढ़तियों ने कहा कि बायोमैट्रिक के चक्कर में किसान की 20-25 मिनट खराब हो रही हैं। अब तक गेहूं की आवक कम है। जब सारी फसल पककर तैयार हो जाएगी और फसल की कढाई का जोर होगा। तब मंडी के गेट पर पास बनवाने वाले किसानों की बहुत ज्यादा लंबी लाइनें लग जाएंगी। सड़कों पर गेहूं से लदी ट्रालियां घंटों तक इंतजार में खड़ी दिखाई देंगी।

ऐसे में किसान अव्यवस्था का शिकार हो जाएंगे। इससे पहले ही सरकार यदि इस नई योजना को बंद कर देगी तो ठीक रहेगा। बहुत से ट्रैक्टरों की नंबर प्लेट टूटी फुटी होती हैं। या ट्रैक्टर पर नंबर धुंधले होते हैं। अब ट्रैक्टरों और ट्रॉली पर ट्रैक्टर का नंबर लिखा होना अनिवार्य कर दिया गया है, जो किसी भी लिहाज से उचित नहीं है।

आढ़ती एसोसिएशन के प्रधान धर्मवीर ने कहा कि उन्होंने अनिश्चितकाल के लिए मंडी में गेहूं और सरसों की खरीद बंद कर दी है। आढ़ती संदीप और संजय ने कहा कि जब तक किसानों की इस समस्या का समाधान नहीं हो जाता, तब तक महम मंडी में फसलों की खरीद बंद रहेगी।



महम। मार्केट कमेटी कार्यालय के सामने विरोध प्रदर्शन करते महम अनाज मंडी के आढ़ती। फोटो : हरिभूमि

### किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए एसडीएम को ज्ञापन सौंपेंगे विधायक दांगी

विधायक बलराम दांगी के मीडिया सलाहकार धर्मराज खेड़ी ने बताया कि प्रदेश की मंडियों में सरकार द्वारा लागू की गई नई शर्तों के कारण किसानों को परेशानी हो रही है। इन समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर विधायक बलराम दांगी सोमवार सुबह मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नाम एसडीएम विपिन कुमार को एक ज्ञापन सौंपेंगे। विधायक बलराम दांगी का कहना है कि किसानों की समस्याओं की अनदेखी की जा रही है। तुरंत प्रभाव से सरकार को इन शर्तों को वापस ले लेना चाहिए।


सांपला। अनाज मंडी में गेहूं के ढेरों के बीच अपनी फसल की देखरेख करते किसान।

# मौसम की मार से रुकी खरीद सांपला मंडी में पड़ी गेहूं की ढेरी

- धूप से जगी किसानों में उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सांपला

लगातार नम हवा और हल्की बारिश के बाद शनिवार जैसे ही धूप निकली, फसल को लेकर चिंतित किसानों के चेहरों पर राहत साफ नजर आई। हालांकि मौसम की बेरुखी के बावजूद पिछले कई दिनों से सांपला अनाज मंडी में गेहूं की आवक जारी थी, लेकिन आज धूप खिलने के साथ ही मंडी में फसल की आवक में तेज बढ़ोतरी दर्ज की गई। मंडी में बड़ी मात्रा में गेहूं पहुंचने के बावजूद सरकारी खरीद अब तक शुरू नहीं हो पाई है। मुख्य कारण फसल में नमी की मात्रा तय मानकों से अधिक होना बताया जा रहा है। इसके चलते मंडी परिसर में जगह-जगह गेहूं के ढेर लग गए हैं, जिससे किसानों की चिंता बढ़ गई है। समाचार लिखे जाने तक मंडी में 648 गेट पास जारी किए जा चुके हैं और करीब 35 हजार क्विंटल गेहूं की आवक हो चुकी है, लेकिन खरीद प्रक्रिया अब भी अटकी हुई है। मंडी में अपनी फसल लेकर पहुंचे किसान सुखदेव, रणबीर, रवींद्र और सूरज ने बताया कि वे दो दिन पहले ही गेहूं लेकर मंडी में आ गए थे, लेकिन नमी अधिक होने के कारण उनकी फसल की खरीद नहीं हो सकी। किसानों ने बताया कि जैसे-तैसे फसल के सूखने की उम्मीद बनी ही थी कि अचानक हुई बारिश ने चिंता और बढ़ा दी।

### फसलों में बढ़ी नमी

इस संबंध में मंडी सचिव सविता सैनी ने बताया कि 1 अप्रैल से खरीद शुरू होने के साथ ही मौसम खराब हो गया, जिससे फसल में नमी बढ़ गई और खरीद प्रक्रिया प्रभावित हुई। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा खरीद, उठान और भंडारण की पूरी व्यवस्था की गई है और जैसे ही गेहूं निर्धारित मानकों पर खरा उतरेगा, खरीद तुरंत शुरू कर दी जाएगी।

## रबी खरीद पर घमासान सुरजेवाला के आरोपों पर भाजपा का कड़ा पलटवार

- बायोमेट्रिक सिस्टम से पारदर्शिता का दावा, कांग्रेस पर बिचौलियों की राजनीति करने का आरोप

रोहतक। हरियाणा में रबी सीजन 2026 की फसल खरीद को लेकर सियासत तेज हो गई है। जहां एक ओर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व राज्यसभा सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला ने सरकार पर किसानों के खिलाफ साजिश रचने के आरोप लगाए हैं, वहीं भाजपा ने इन आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए पलटवार किया है। भाजपा के प्रदेश मीडिया सह-प्रभारी शमशेर सिंह खरक ने सुरजेवाला के बयानों को "तथ्यहीन और भ्रामक" बताते हुए कहा कि कांग्रेस को किसानों की नहीं, बल्कि बिचौलियों की चिंता है। उन्होंने कहा कि सरकार की नीतियों के कारण अब फसल का भुगतान सीधे किसानों के खातों में हो रहा है, जिससे बिचौलियों की भूमिका खत्म हो रही है।

### 72 टन का रखा लक्ष्य

खरक ने कहा कि बायोमेट्रिक सत्यापन प्रणाली लागू होने से खरीद प्रक्रिया में पारदर्शिता आई है और फर्जी किसानों पर लगाम लगी है। साथ ही, बायोमेट्रिक नॉमिनेशन सुविधा के जरिए किसान अपने प्रतिनिधि के माध्यम से भी फसल बेच सकता है, जिससे उसे मंडियों में लंबी कतारों में नहीं लगना पड़ता। सरकार के दावों के अनुसार रबी सीजन 2026 में 72 लाख टन गेहूं खरीद का लक्ष्य रखा गया है, जबकि 3.73 लाख मीट्रिक टन सरसों और चना खरीद की मंजूरी दी गई है। इसके लिए करीब 2,312 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

## पैथोलॉजी में वर्तमान दृष्टिकोण विषय पर सम्मेलन आज

- नवीनतम शोध तकनीकी प्रगति और चिकित्सा पद्धतियों पर होगी चर्चा

रोहतक। पंडित भगवत दयाल शर्मा, पीजीआईएमएस में रविवार को नॉर्थ-वेस्ट चैप्टर ऑफ इंडियन एसोसिएशन ऑफ पैथोलॉजिस्ट्स एंड माइक्रोबायोलॉजिस्ट्स) का वार्षिक सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। इस प्रतिष्ठित शैक्षणिक कार्यक्रम का मुख्य विषय पैथोलॉजी में वर्तमान दृष्टिकोण रखा गया है। इस सम्मेलन का उद्देश्य पैथोलॉजी के क्षेत्र में नवीनतम शोध, तकनीकी प्रगति और चिकित्सा पद्धतियों पर चर्चा करना है। कार्यक्रम में देशभर के पैथोलॉजिस्ट, चिकित्सक, शोधकर्ता और स्नातकोत्तर छात्र भाग लेंगे तथा विशेषज्ञों द्वारा विभिन्न विषयों पर व्याख्यान और सत्र आयोजित किए जाएंगे। उत्तर-पश्चिमी अध्याय इंडियन एसोसिएशन ऑफ पैथोलॉजिस्ट्स और माइक्रोबायोलॉजिस्ट्स का आयोजन रोहतक के पैथोलॉजी विभाग द्वारा और रीजनल सोसायटी ऑफ पैथोलॉजिस्ट्स आईएपीएम (हरियाणा चैप्टर) के सहयोग से किया जा रहा है।

# डिजिटल युग में ज्ञान को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत करने की कला आवश्यक : जयपाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

गौड़ ब्राह्मण कॉलेज के कंप्यूटर साइंस विभाग द्वारा विद्यार्थियों की रचनात्मकता, तकनीकी दक्षता एवं प्रस्तुति कौशल को निखारने के उद्देश्य से पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता की गई। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने अपने विचारों को आधुनिक तकनीक के माध्यम से बेहद आकर्षक ढंग से प्रस्तुत किया, जिससे पूरे वातावरण में उत्साह का माहौल बना रहा। प्राचार्य डॉ. जयपाल शर्मा ने कहा कि आज के डिजिटल युग में केवल ज्ञान ही नहीं, बल्कि उसे प्रभावशाली तरीके से प्रस्तुत करने की कला भी उतनी ही आवश्यक है। इस प्रकार की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों के आत्मविश्वास, अभिव्यक्ति क्षमता और व्यावसायिक कौशल को सशक्त बनाती हैं।


रोहतक। कार्यक्रम को सम्बोधित करते मुख्यअतिथि प्राचार्य डॉ. जयपाल शर्मा।

### 631 किलो डोडा पोस्त बरामद, दो पकड़े

रोहतक। पुलिस की एएनसी स्टाफ टीम ने नशा तस्करी के खिलाफ बड़ी सफलता हासिल करते हुए केंटर में सवार दो युवकों को भारी मात्रा में नशीले पदार्थ सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से कुल 631 किलो 340 ग्राम डोडा पोस्त बरामद किया है। दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उन्हें अदालत में पेश किया गया, जहां से 7 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। पुलिस टीम खैरड़ी मोड़, कलानौर के पास गश्त पर मौजूद थी। इसी दौरान सूचना मिली कि पंजाब निवासी दो युवक केंटर में मक्की की बोरियों के नीचे अवैध नशीला पदार्थ छिपाकर राजस्थान से होते हुए पंजाब की ओर जा रहे हैं। जांच के दौरान संदिग्ध केंटर को रोककर तलाशी ली गई। तलाशी में मक्की की बोरियों के नीचे छिपाकर रखे गए 33 प्लास्टिक कट्टों में भारी मात्रा में डोडा पोस्त बरामद हुआ। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान गुरजीत उर्फ निक्का निवासी पटियाला और मंदीर निवासी संगरूर (पंजाब) के रूप में हुई है।



# नवीन जयहिंद ने केजरीवाल व राघव पर लगाए गंभीर आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

- राघव चड्ढा अरविंद केजरीवाल का मालदार और राजदार


पत्रकारों से बातचीत करते जयहिंद।

जयहिंद सेना प्रमुख और सामाजिक कार्यकर्ता नवीन जयहिंद ने दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा पर गंभीर आरोप लगाते हुए डीलिंग ओर धोखाधड़ी के सनसनीखेज खुलासे किए। जयहिंद ने राघव चड्ढा की हालिया गतिविधियों और केजरीवाल की कार्यप्रणाली को लेकर पर्दे के पीछे हुई एक बड़ी डील और सारा विवाद पैसे का बताया नवीन जयहिंद ने राघव चड्ढा की विदेश यात्राओं और उनकी कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए कहा कि राघव चड्ढा पार्टी में मैनेजर की भूमिका निभा रहे थे और राजनीति को व्यापार बना दिया गया। राघव चड्ढा केजरीवाल का मालदार के राजदार है और आम आदमी पार्टी अब आम लोगों की नहीं, बल्कि खास व्यापारी और 'डीलरों' की पार्टी बन गई है। जयहिंद ने कहा कि भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलन से निकली पार्टी आज खुद सवालों के घेरे में है।

## समाज में पशु प्रेम, सेवा और संवेदनशीलता का दिया सकारात्मक संदेश

गायों के प्रति सेवा व सम्मान व्यक्त करना आवश्यक

# हनुमान जन्मोत्सव पर गोमाता को अर्पित की 56 भोग सेवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर इनर व्हील क्लब रोहतक ब्लूमिंगडेल द्वारा एक अनूठी पहल करते हुए जनता कॉलोनी स्थित वैश्य व्यायामशाला एवं गोशाला में विशेष "छप्पन भोग सेवा" का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्लब की एनिमल वेलफेयर कमेटी के सदस्यों ने श्रद्धा और भक्ति भाव से गायों के लिए 56 प्रकार के पौष्टिक आहार तैयार कर अर्पित किए। इनमें फल, हरी सब्जियां, गुड़, विभिन्न प्रकार के अनाज, हरा चारा सहित अन्य पोषक सामग्री शामिल रही, जो गायों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखकर तैयार की गई थी।



रोहतक। वैश्य व्यायामशाला एवं गोशाला में फल, हरी सब्जियां, गुड़, विभिन्न प्रकार के अनाज, हरा चारा सहित अन्य पोषक सामग्री देते इनर व्हील क्लब रोहतक ब्लूमिंगडेल के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

क्लब सदस्यों का मानना है कि जिस प्रकार भगवान को छप्पन भोग अर्पित किया जाता है, उसी तरह गो माता भी पूजनीय हैं और उनके प्रति सेवा व सम्मान व्यक्त करना आवश्यक है। क्लब की अध्यक्ष सिल्की बंसल ने कहा कि इस सेवा के माध्यम से गो माता के प्रति कृतज्ञता प्रकट की गई है। उन्होंने बताया कि क्लब द्वारा इस तरह का आयोजन पहली बार किया गया, जिससे यह और भी विशेष बन गया। इस सेवा कार्य में डॉ. ताशी नरूला, गुरलीन और अर्पिता जैन सहित अन्य सदस्यों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। कार्यक्रम ने समाज में पशु प्रेम, सेवा और संवेदनशीलता का सकारात्मक संदेश दिया।


रोहतक। आयोजित शिविर में रक्तदाता को बैज लगाते बाबा कालिदास महाराज व पूर्व मेयर मनमोहन गोयल। फोटो : हरिभूमि

### जन्मदिन पर पिता ने 106वीं तो बेटे ने 45वीं बार किया रक्तदान

रोहतक। शनिवार को एक फोटो स्टूडियो की तरफ से शहर के सुखपुरा चौक पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसके अंदर कुल 67 यूनिट ब्लड एकत्रित किया गया। शिविर का आयोजन मां दानो देवी धर्मार्थ ट्रस्ट के संस्थापक तस्वीर हुड्डा के 59 वें जन्मदिवस के अवसर पर किया गया था। तस्वीर हुड्डा ने बताया कि हर साल की तरह इस बार भी उनके जन्मदिन पर फोटो स्टूडियो की तरफ से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें उन्होंने 106 वीं बार और उनके पुत्र नवनीत ने 45 वीं बार रक्तदान किया। शिविर में समाजसेवी राजेश जैन, गायक अमित सैनी रोहतकिया, पूर्व मेयर मनमोहन गोयल, सांपला से कालिदास महाराज और अवधूत संत अमर दास महाराज का सानिध्य, रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव देवेंद्र चहल, समाजसेवी सुभाष गुप्ता, सुखपुरा चौक चौकी इंचार्ज सन्नी, लोक कलाकार देव कुमार देवा, वार्ड 4 की पार्षद रिंकू नागर, वार्ड 6 के पार्षद नवराता मल भटनागर, ब्लड बैंक के विभाग अध्यक्ष डॉक्टर गजेन्द्र, वीटा मिल्क प्लांट के मैनेजर संदीप, खिलाड़ी गुलशन शर्मा आदि रहे।

## नगर निगम की टीम ने कच्चा बेरी रोड पर चलाया अभियान

# डस्टबिन न रखने पर 29 चालान 8200 रुपये का वसूला जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शहर में स्वच्छता को लेकर एक ओर जहां नगर निगम सख्ती दिखाते हुए नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई कर रहा है, वहीं दूसरी ओर निगम की अपनी व्यवस्थाएं भी सवालों के घेरे में हैं। सफाई शाखा की टीम द्वारा कच्चा बेरी रोड क्षेत्र में निरीक्षण किया गया। इस दौरान पाया गया कि कई दुकानदारों ने अपने प्रतिष्ठानों पर डस्टबिन नहीं रखे हुए थे। इतना ही नहीं, कुछ लोग खुलेआम सड़क पर ही कचरा फेंकते नजर आए, जिससे आसपास गंदगी फैल रही थी और राहगीरों व स्थानीय लोगों को काफी असुविधा का सामना करना पड़ रहा था।

स्थिति को गंभीरता से लेते हुए नगर निगम की टीम ने मौके पर ही कार्रवाई करते हुए डस्टबिन न रखने और सार्वजनिक स्थानों पर कचरा फैलाने वालों के खिलाफ 29 चालान काटे। इन चालानों के जरिए कुल 8200 रुपये का जुर्माना वसूला गया। इसके साथ ही टीम ने दुकानदारों और आमजन को जागरूक करते हुए अपील की कि वे अपने-अपने प्रतिष्ठानों पर डस्टबिन अवश्य रखें और शहर को स्वच्छ बनाए रखने में सहयोग करें। हालांकि, इस कार्रवाई के बीच नगर निगम की अपनी कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठ रहे हैं। निगम द्वारा पूर्व में शहर के विभिन्न क्षेत्रों में करीब 34 लाख रुपये की लागत से डस्टबिन रखवाए गए थे, लेकिन समय के साथ इनकी स्थिति बेहद खराब हो चुकी है। कई स्थानों पर डस्टबिन टूटे हुए हैं, तो कहीं वे इतने जर्जर हो चुके हैं कि उनमें कचरा डालना भी संभव नहीं रह गया है।





रोहतक। निगम के डस्टबिनों के हालात।

### अपने डस्टबिनों की देखभाल नहीं कर पा रहा निगम

स्थानीय लोगों का कहना है कि जब निगम अपने लगाए गए डस्टबिन की देखभाल तक नहीं कर पा रहा है, तो आमजन पर सख्ती करना कहीं न कहीं विरोधाभासी लगता है। लोगों को मजबूरी में कचरा इधर-उधर फेंकना पड़ता है, क्योंकि कई जगहों पर उपयोग योग्य डस्टबिन उपलब्ध ही नहीं हैं। शहरवासियों का मानना है कि स्वच्छता अभियान तभी सफल हो सकता है, जब निगम खुद अपनी व्यवस्थाओं को दुरुस्त करे और उसके बाद नियमों को सख्ती से लागू करें।



रोहतक। बाजार में डस्टबिन को लेकर चालान करती नगर निगम की टीम। फोटो : हरिभूमि

---

हरिभूमि पहल — मेरा शहर मेरी समस्या — पुरानी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी

## पेयजल सप्लाई में आ रहा मिट्टी मिला पानी

# पुरानी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में गंदा पानी बना संकट, बीमारियों का खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शहर के वार्ड नंबर 20 स्थित पुरानी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में इन दिनों पेयजल आपूर्ति को लेकर गंभीर समस्या बनी हुई है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि रोजाना सुबह करीब 5 बजे आने वाले पानी में मिट्टी और गंदगी मिल रही है, जिससे स्वास्थ्य पर खतरा मंडरा रहा है। निवासियों के अनुसार, यह समस्या पिछले कई दिनों से लगातार बनी हुई है, लेकिन जनस्वास्थ्य विभाग को शिकायत देने के बावजूद अब तक कोई ठोस समाधान नहीं किया गया है। गंदे पानी के कारण कॉलोनी के लोगों को मजबूरी में बाहर से पानी भरकर लाना पड़ रहा है या फिर बोतलबंद पानी खरीदकर काम चलाना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि गर्मी के मौसम में पानी की जरूरत और भी बढ़ जाती है, ऐसे में इस तरह की लापरवाही से हालात और गंभीर हो सकते हैं। गंदे पानी के सेवन से पीलिया जैसी बीमारियों के फैलने का खतरा बना हुआ है, जिससे लोग दहशत में हैं। कॉलोनी के लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द पानी की सप्लाई की जांच कर समस्या का समाधान किया जाए। साथ ही पाइपलाइन की सफाई और मरम्मत कर स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया जाए, ताकि लोगों को इस समस्या से राहत मिल सके।



### जांच के बाद की जाएगी कार्रवाई

*अगर इस तरह की समस्या है और शिकायत विभाग को भेजी गई है तो इसकी जांच करवाई जाएगी। हालांकि शिकायत मिलती है तो विभाग की टीम उसका तुरंत समाधान करती है। पेयजल के लिए आमजन को परेशान नहीं किया जाता है।*
*-शिवराज सिंह, अधीक्षण अभियंता, जनस्वास्थ्य व अभियांत्रिकी विभाग*

### पानी नहीं पीने लायक



सुबह जब पानी आता है तो उसमें साफ तौर पर मिट्टी नजर आती है। हम इस पानी को पीने लायक नहीं मानते। कई बार शिकायत कर चुके हैं, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। मजबूरी में बाहर से पानी लाना पड़ रहा है। -राजकुमार

### नहीं सुन रहे अधिकारी



जनस्वास्थ्य विभाग को कई बार अवगत कराया गया है, लेकिन अभी तक कोई अधिकारी मौके पर जांच करने तक नहीं आया। लोगों की परेशानी को नजरअंदाज किया जा रहा है। बार-बार शिकायत करने के बावजूद यह हालात है। ऐसे में लोग कैसे अपना जीवनयापन करेंगे। -पंकज कुमार

### खरीद कर पी रहे पानी



घर में छोटे बच्चे हैं, उन्हें गंदा पानी नहीं दे सकते। हमें रोजाना पानी खरीदना पड़ रहा है, जिससे अतिरिक्त खर्च बढ़ गया है। अगर जल्द समाधान नहीं हुआ तो बीमारी फैलने का खतरा है। -सतबीर

**मेरा शहर, मेरी समस्या कॉलम के जरिये आप भी रखें अपनी बात। अगर सेक्टर, गली-मोहल्ला, वार्ड, गांव और आसपास हैं समस्याओं से परेशान तो इस नंबर 9253681012 पर करें व्हाट्सएप। हम उठाएंगे आपका मुद्दा।**

---

# फेस-ऑफ में फ्लोरियन दिखे एग्रेसिव तो संग्राम रहे शांत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

एमएमए खेल आइकन संग्राम सिंह और फ्रांस के तेज़ी से उभरते फाइटर फ्लोरियन काउडियर की पांच अप्रैल को होने वाली बहुप्रतीक्षित फाइट से पहले शनिवार को दोनों का ब्यूनस आयर्स के एरिना में फेस ऑफ (आमना-सामना) हुआ। संग्राम जहां काफी शांत दिखे वहीं फ्लोरियन का उत्साह देखने लायक था। फ्लोरियन ने कहा कि संग्राम सिंह को अपने सामने ज़्यादा देर टिकने नहीं देंगे। उन्होंने संग्राम की पिछली दो फाइट की वीडियो देखी हैं और उनके सपोर्ट स्टाफ ने संग्राम की बहुत सी कमज़ोरियां उन्हें बताई हैं। 83 किलो ग्राम की यह फाइट ब्यूनस आयर्स के स्थानीय समय के अनुसार रविवार शाम छह बजकर 20 मिनट पर होगी, वहीं यह भारतीय समय के अनुसार सोमवार सुबह तीन बजे के आस-पास होगी।

वहीं दोहरे कॉमनवेल्थ हैवीवेट चैम्पियन संग्राम सिंह ने कहा कि वह बड़ी बड़ी बातें करने में यकीन नहीं रखते। अर्जेंटीना में किसी भी कॉम्बेट स्पोर्ट्स में लड़ने वाले पहले भारतीय होने के कारण उन पर बड़ी ज़िम्मेदारी है। अभी तक संग्राम सिंह की सबसे बड़ी चुनौती फ्लोरियन के बारे में ज़्यादा जानकारी उपलब्ध न होना थी लेकिन अब उनकी दूसरी बड़ी चुनौती वजन पर नियंत्रण करने की खड़ी हो गई है। उनका वजन थोड़ा सा बढ़ गया है जो दो किलो की छूट मिलने से भी तकरीबन सौ ग्राम अधिक है। इसके लिए उन्होंने शनिवार सुबह से रात तक आधा गिलास पानी पीया और अपने कोच भूपेश के साथ काफी समय ला माकाओ फिटनेस सेंटर में बिताया और खूब पसीना बहाया। इस बारे में संग्राम सिंह ने कहा कि जब आपके हौसले हिम्मतों से बड़े होते हैं तो ये चुनौतियां खुद ब खुद पार हो जाती हैं। उन्होंने कहा कि वजन आने के बाद ही वह अपने घर से लाए चूरमा के लड्डू खाएंगे।




रोहतक। संग्राम सिंह और फ्लोरियन काउडियर।

### संग्राम के लिए रोहतक में हवन

आमेक्स सिटी रोहतक में एमडीयू के प्रोफेसरों ने हवन किया। इसके अलावा भी देश भर में दस से ज़्यादा इलाकों में उनकी फाइट में कामयाबी के लिए हवन किए जा रहे हैं। सैमुराई फाइट हाउस इस बहुप्रतीक्षित फाइट का आयोजक है, जहां पूर्व प्रोफेशनल हैवीवेट वर्ल्ड चैम्पियन संग्राम सिंह अपने तीसरे एमएमए मुक़ाबले में उतरेंगे। कोच भूपेश कुमार ने बताया कि टीम ने उनके ट्रांजिशन, ग्राउंड कंट्रोल, स्ट्राइकिंग कॉम्बिनेशन और कंडीशंस में ढलने और फिटनेस पर विशेष काम किया है।

---

### बैडमिंटन और लॉन टेनिस खेल नर्सरी के लिए ट्रायल कल

**रोहतक।** हरियाणा सरकार की खेल नीति के तहत खेल प्रतिभाओं को जमीनी स्तर पर तराशने के उद्देश्य से जेड ग्लोबल स्कूल, रोहतक में दो नई खेल नर्सरियों को मंजूरी दी गई है। स्कूल परिसर में बैडमिंटन और लॉन टेनिस की नर्सरी शुरू की जा रही है, जिसके लिए खिलाड़ियों का चयन 6 अप्रैल को होने वाले ट्रायल के माध्यम से किया जाएगा। स्कूल प्रबंधन के अनुसार, इन दोनों खेलों के लिए चयन प्रक्रिया सुबह 10:00 बजे से स्कूल के खेल प्रांगण में शुरू होगी। ट्रायल में खिलाड़ियों के खेल कौशल, तकनीक और शारीरिक दक्षता का बारीकी से निरीक्षण किया जाएगा।

---

# बीएमयू में अनुसंधान में कृत्रिम बुद्धिमत्ता की भूमिका बताई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय अस्थल बोहर में मानविकी संकाय के अंतर्गत पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग द्वारा "अनुसंधान में कृत्रिम बुद्धिमत्ताः क्रांति का मार्गदर्शन" विषय पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य शोधार्थियों, विद्यार्थियों और संकाय सदस्यों को आधुनिक शोध में एआई की भूमिका से परिचित कराना था। मुख्य वक्ता के रूप में चंडीगढ़ के एमसीएम डीएवी महिला महाविद्यालय की लाइब्रेरियन डॉ. रामनीक ने अपने व्याख्यान में बताया कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता आज शोध कार्यों को तेज, सटीक और प्रभावी बनाने में अहम भूमिका निभा रही है। उन्होंने साहित्य समीक्षा, अकादमिक लेखन, डेटा विश्लेषण और प्लेगरिज्म जांच जैसे क्षेत्रों में एआई के उपयोग को विस्तार से समझाया। डॉ. रामनीक ने एआई के नैतिक उपयोग पर भी जोर देते हुए कहा कि शोध कार्यों में पारदर्शिता और ईमानदारी बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष डॉ. शीला डबास ने पुस्तकालय सेवाओं और डिजिटल संसाधनों की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन डॉ. जितेंद्र सिंह ने किया, जबकि मंच संचालन मनीषा ने संभाला। इस अवसर पर बड़ी संख्या में विद्यार्थी, शोधार्थी और शिक्षक उपस्थित रहे।



---

# कुश्ती के फलक पर चमके पहलवान ललित

- एशियन चैंपियनशिप में देश का प्रतिनिधित्व करेंगे

रोहित डागर ▶▶| रोहतक

खेल की दुनिया में सफलता केवल पसीने से नहीं, बल्कि कई बार आंसुओं और अटूट धैर्य से भी लिखी जाती है। पानीपत के रहने वाले युवा पहलवान ललित की कहानी कुछ ऐसी ही है। जीवन के कठिनतम मोड़ों पर जब अपनों का साथ छूटा, तो ललित ने कुश्ती के अखाड़े की मिट्टी को ही अपना हमसफर बना लिया। आज अपनी मेहनत और दृढ़ संकल्प के दम पर उन्होंने न केवल अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक जीता है, बल्कि उभरते हुए खिलाड़ियों के लिए एक मिसाल भी पेश की है। 6 से 12 अप्रैल तक किर्गिस्तान में होने वाली प्रतियोगिता में देश का प्रतिनिधित्व करेगा। ललित ने अपनी खेल यात्रा के बारे में बताते हुए कहा कि उन्होंने वर्ष 2015 में कुश्ती की शुरुआत की थी। उस समय वे गुरुकुल में शिक्षा ग्रहण कर रहे थे। वहां अन्य बच्चों को कुश्ती के दांव-पेंच लड़ाते देख ललित के मन में भी इस खेल के प्रति रुचि पैदा हुई। यहीं से उनके पेशेवर पहलवान बनने का सपना शुरू हुआ। लेकिन यह सफर इतना आसान नहीं था। ललित का जीवन व्यक्तिगत त्रासदियों और संघर्षों से भरा रहा है। उन्होंने बताया कि जब वे बहुत छोटे थे, तभी उनकी माता सुनीता का देहांत हो गया था। मां के आंचल की कमी को उन्होंने खेल के जुनून से भरने की कोशिश की। जीवन का सबसे कठिन समय वर्ष 2023 में आया। ललित अंडर-23 एशियन चैंपियनशिप में देश का प्रतिनिधित्व करने के लिए रवाना होने वाले थे, तभी उनके पिता रामकर्ण का साया भी उनके सिर से उठ गया।



दांव पेंच लगाता ललित।

### पिता के निधन के बाद भी नहीं मानी हार

पिता के निधन के गम के बीच ललित ने खुद को संभाला और अंतरराष्ट्रीय मैट पर उतरे। उन्होंने न केवल प्रतियोगिता में हिस्सा लिया, बल्कि अपनी मेहनत को सार्थक करते हुए कांस्य पदक जीतकर देश और अपने दिवंगत माता-पिता का नाम रोशन किया। ललित अपनी सफलता का एक बड़ा श्रेय ताऊ इंदर सिंह सहरावत, ईशवर सहरावत और साथी विजय गहलावत को देते हैं। इन सभी ने मेरे जीवन के सबसे बुरे दौर में, खेल और मानसिक मजबूती में जो मदद की, उसी की बदौलत आज मैं इस मुकाम पर पहुँच सका हूँ। उन्होंने बताया कि अबतक 23 नेशनल प्रतियोगिता में पदक जीते हैं। 2023 में एशियन प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीता। 2026 में वर्ल्ड रैंकिंग प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीता। सीनियर वर्ल्ड रैंकिंग सीरीज में भाग लिया।

---

कोटा, चंडीगढ़, दिल्ली के बाद अब रोहतक में भी
IIT-JEE / NEET / NDA
6th to 12th Class & 12th Pass
ADMISSION OPEN
MEGA SEMINAR & SCHOLARSHIP TEST
7 April Tuesday
10:00 am & 3:00 pm
100% SCHOLARSHIP / FREE SCHOOLING
1 Week Free Trial Class Before ADMISSION
KOTA CLASSES
144-L Model Town, Near C.R. Polytechnic College, Rohtak Contact 97285-44433

---

**प्रतिभा का संगम** — तीन दिवसीय साहित्योत्सव 'अक्षरम' की रचनात्मक साझीदार

# हिसार में छाया सुपवा का फैशन शो छात्र-छात्राओं की प्रस्तुति ने जीता दिल

- कुलगुरु डॉ अमित आर्य की अगुवाई में सुपवा से 140 छात्र-छात्राएं, फैकेल्टी सदस्य व अन्य स्टाफ हिसार गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (जीजेयू), हिसार में चल रहे तीन दिवसीय साहित्योत्सव 'अक्षरम' में दादा लख्मी चंद स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ परफॉर्मिंग एंड विजुअल आर्ट्स (डीएलसीसुपवा) के छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। मेन ऑडिटोरियम का मंच सुपवा के छात्र-छात्राओं के फैशन शो के दौरान रैंप ऑडिटोरियम में बदलता हुआ महसूस हुआ। यहां छात्रों ने प्रोफेशनल मॉडल की भांति वॉक करते हुए पारंपरिक व आधुनिक भारतीय परिधान पेश किए। इस दौरान सभागार लगातार तालियां से गूंजता रहा। डीएलसीसुपवा को जीजेयू, हिसार ने 'अक्षरम' के लिए रचनात्मक साझीदार बनाया हुआ है। इसमें शिरकत करने के लिए कुलगुरु डॉ अमित आर्य की अगुवाई में सुपवा से 140 छात्र-छात्राएं, फैकेल्टी सदस्य व अन्य स्टाफ हिसार गया है। डॉ आर्य 'अक्षरम' के उद्‌घाटन सत्र में विशिष्ठ अतिथि के तौर पर मंचासीन रहे। यहां अलग-अलग मंचों पर सुपवा के छात्र-छात्राओं की विभिन्न प्रस्तुतियों को स्थान दिया गया। 'अक्षरम' के दूसरे दिन शनिवार को सुपवा के छात्र-छात्राओं को फैशन शो करने के लिए डेढ़ घंटे का समय अलॉट किया गया।



आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ करते कलाकार अनु मलिक ।

### अनु मलिक ने की आर्ट एग्जीबिशन की शुरुआत

'अक्षरम' में आने वाले लोगों को अपने कार्य-कलाप बताने के लिए डीएलसीसुपवा की ओर से आर्ट एग्जीबिशन लगाई गई है। इसमें डिजाइन, विजुअल आर्ट्स आर्किटेक्चर व फिल्म एवं टेलीविजन फैकेल्टी में होने वाली गतिविधियों की जानकारी दी गई है। इसमें छात्र-छात्राओं द्वारा किए गए कार्य, मॉडल आदि प्रदर्शित किए गए हैं। आर्ट एग्जीबिशन की शुरुआत प्रख्यात गायक व संगीतकार अनु मलिक ने रिबन काटकर किया। उन्होंने आर्ट एग्जीबिशन का दौरा करते हुए सुपवा की गतिविधियों की सराहना की।

इस दौरान रंग-बिरंगी रोशनी व अलग-अलग म्यूजिक की बीट्स पर सधे हुए कदमों के साथ छात्र-छात्राओं ने कैटवॉक की।

---

## न्यूज डायरी



रोहतक। विद्यार्थियों को सम्बोधित करते मुख्य वक्ता डॉ. श्रुति सुधा आर्या।

### हॉलिस्टिक डेवलपमेंट पर हुआ कार्यक्रम

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के विधि विभाग में हॉलिस्टिक डेवलपमेंट क्लब द्वारा विद्यार्थियों के मानसिक एवं आत्मिक विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक प्रभावशाली कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान क्लब की शिक्षक समन्वयक डॉ. श्रुति सुधा आर्या ने विद्यार्थियों को अत्यंत सरल एवं प्रभावी ढंग से ध्यान एवं प्राणायाम का अभ्यास करवाया। उनके मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने मानसिक शांति, एकाग्रता और सकारात्मक ऊर्जा का अनुभव किया। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मक प्रतिभा का सुंदर प्रदर्शन किया। किसी ने कविताएँ प्रस्तुत कीं, तो किसी ने शायरी और गीतों के माध्यम से माहौल को जीवंत बना दिया। इसी मंच पर छात्रा अंशिका ने विकसित भारत में युवाओं की भूमिका पर अपनी बात रखी।



रोहतक। आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते मुख्य वक्ता।

### छात्राओं ने किया वीएस ट्रेडर्स का दौरा

**रोहतक।** महारानी किशोरी जाट कन्या महाविद्यालय के वाणिज्य (कॉमर्स) विभाग द्वारा छात्राओं के व्यावहारिक ज्ञानवर्धन हेतु शनिवार को एक शैक्षणिक विजिट का आयोजन किया गया। इस विजिट के दौरान बी.कॉम और एम.कॉम की छात्राओं ने सनसिटी स्थित वी.एस. ट्रेडर्स' (एंजेल वन से पंजीकृत) के कार्यालय का दौरा किया और स्टॉक मार्केट ट्रेडिंग की बारीकियों को समझा। इस सत्र में मुख्य प्रवक्ता के रूप में विनीत नांदल और विजयपाल राठी ने छात्राओं का मार्गदर्शन किया। अनुभवी निवेशक विजयपाल राठी ने अपना व्यक्तिगत अनुभव साझा करते हुए बताया कि उन्होंने वर्ष 1985 में मात्र 6000 रुपये से अपने निवेश की शुरुआत की थी और आज एक सुदृढ़ पोर्टफोलियो बनाया है। सत्र के दौरान छात्राओं को डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से शेयर खरीदने और बेचने की प्रक्रिया और विनीत नांदल ने डीमैट खाता खोलने की प्रक्रिया और इसके महत्व के बारे में तकनीकी जानकारी प्रदान की।

### जगमग योजना के बाद अंधेरे में सैमाण

**महम।** बिजली वितरण निगम अधिकारियों व कर्मचारियों ने काफी मशक्कत व मान मनोव्वल के बाद सैमाण गांव में बिजली के मीटर घरों से बाहर निकाले थे। बिजली की लाइनें बदली थी। बिजली निगम अधिकारियों ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया था कि वे बिजली के मीटर घरों से बाहर निकलने दें, क्योंकि ऐसा होने के बाद यह गांव जगमग योजना में शामिल हो जाएगा और 24 घंटे बिजली रहेगी। लेकिन गांव के लोगों ने बिजली कर्मचारियों व अफसरों की बात तो मान ली। लेकिन अब गांव जमगम योजना में शामिल होने के बाद भी यहां बिजली संकट बना रहता है। पूर्व सरपंच प्रतिनिधि सुनील सिवाच उर्फ काला ने बताया कि दिनभर गांव में बिजली गुल रहती है। कई बार तो रात को भी लंबे कट लगते हैं। ग्रामीणों ने जिला उपायुक्त सचिन गुप्ता से गांव में 24 घंटे बिजली आपूर्ति बहाल करने की मांग की है। कहा है कि बिजली संकट बना रहने से लोगों को रोजमर्रा के कार्यों को करने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गांव में मच्छरों का प्रकोप बढ गया है। बिजली के कट न लगाए जाएं।

### मदीना में लगाया नेत्र जांच व कैंसर स्क्रीनिंग कैंप

**महम।** पूर्व मंत्री आनंद सिंह दांगी ने शनिवार को अपने पैतृक गांव मदीना की चौधरी अमीलाल धर्मशाला में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर एवं निःशुल्क मैमोग्राफी (कैंसर स्क्रीनिंग) कैम्प लगवाया। यह शिविर प्रातः 09:00 बजे से दोपहर 02:00 बजे तक आयोजित किया गया। शिविर में काफी संख्या में क्षेत्रवासियों ने भाग लेकर अपनी स्वास्थ्य जांच करवाई। शिविर में अनुभवी चिकित्सकों की टीम द्वारा आंखों की जांच के साथ-साथ महिलाओं के लिए आधुनिक तकनीक से मैमोग्राफी जांच की सुविधा निःशुल्क प्रदान की गई।

### लोगों को स्वच्छता के लिए किया जागरुक

रोहतक। नगर निगम द्वारा शहर को स्वच्छ, सुंदर एवं स्वस्थ बनाए रखने के उद्देश्य से वार्ड नंबर 5 और 14 में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। नगर निगम आयुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा के निर्देशन में यह अभियान वार्ड 5 में पार्षद सुरेश चंद्र और वार्ड 14 में पार्षद कंचन खुराना की मौजूदगी में आयोजित किया गया। इस दौरान वार्ड वेलफेयर एसोसिएशन के सदस्यों ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई। अभियान के तहत गलियों, सड़कों, नालियों और सार्वजनिक स्थलों की गहन सफाई करवाई गई। सफाई कर्मचारियों ने कूड़ा-कचरा उठाने, नालियों की सफाई करने और जमा गंदगी को हटाने का कार्य किया, जिससे क्षेत्र में स्वच्छता का स्तर बेहतर हुआ।

# दो भाइयों के नेटवर्क का खुलासा, 150 नकली और हजारों खाली बोतलें बरामद

**महंगा लेबल लगाकर बेच रहे थे सस्ती दारू**

# 'स्कॉच' की बोतल में 'देसी'

## पुलिस टीम ने आबकारी विभाग के साथ मिलकर फार्म हाउस रोड स्थित दुकान पर की छापेमार कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शहर में नकली शराब का बड़ा खेल सामने आया है, जहां सस्ती और अवैध शराब को ब्रांडेड बोतलों में भरकर महंगे दामों पर बेचा जा रहा था। पुलिस ने इस संगठित धंधे का पर्दाफाश करते हुए भारी मात्रा में नकली शराब और उससे जुड़े उपकरण बरामद किए हैं। यह खुलासा न सिर्फ कानून व्यवस्था बल्कि लोगों की सेहत के लिए भी गंभीर खतरे की ओर इशारा करता है। एसपी गौरव राजपुरोहित के निर्देश पर अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। थाना पुरानी सब्जी मंडी पुलिस और चौकी सुखपुरा की टीम ने आबकारी विभाग के साथ मिलकर फार्म हाउस रोड स्थित एक दुकान पर छापेमारी की। यहां सस्ती शराब को नकली लेबल लगाकर ब्रांडेड बोतलों में भरने का पूरा सेटअप चल रहा था।



### असली-नकली में फर्क कर पाना नामुमकिन

दुकान की तलाशी लेने पर पुलिस को चौंकाने वाला सामान मिला। मौके से 150 बोतल नकली शराब, 2544 खाली ब्रांडेड बोतलें, 704 रैपर, 120 ट्रैक एंड ट्रेस स्ट्रीप मार्क, ब्लेंडर प्राइड जैसे ब्रांड के ढक्कन और अन्य सामग्री बरामद हुई। यह पूरा नेटवर्क बेहद सुनियोजित तरीके से चलाया जा रहा था, जिससे असली और नकली में फर्क कर पाना आम उपभोक्ता के लिए लगभग नामुमकिन था।

### ऐसे चलता था नकली शराब का खेल

छापेमारी के दौरान पुलिस ने मौके से आशीष नामक युवक को गिरफ्तार किया, जो टिटौली गांव का निवासी है। जांच में सामने आया कि वह अपने भाई अमित के साथ मिलकर इस अवैध कारोबार को चला रहा था। दोनों भाई लंबे समय से इस धंधे में सक्रिय थे और इलाके में सप्लाई भी कर रहे थे।



### ऐसी शराब स्वास्थ्य के लिए बेहद खतरनाक

विशेषज्ञों के अनुसार नकली शराब में मिलावट की आशंका अधिक होती है, जिससे जानलेवा परिणाम हो सकते हैं। इससे लिवर डैमेज, अंधापन और यहां तक कि मौत का खतरा भी रहता है।

### आरोपी के खिलाफ केस

प्रभारी थाना पुरानी सब्जी मंडी उप निरीक्षक सुशील कुमार ने बताया कि 3 अप्रैल को पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि फार्म हाउस रोड पर स्थित दुकान में नकली शराब तैयार की जा रही है। सूचना मिलते ही टीम ने बिना देरी किए कार्रवाई की और मौके पर छापा मारा। आरोपी को रंगे हाथों पकड़ लिया गया। इस मामले में आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। बरामद शराब और उपकरणों को जब्त कर लिया गया है। आरोपी को अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है।

### नकली रैपर और ट्रैक एंड ट्रेस स्टिकर लगाना

पुलिस अधिकारियों के अनुसार, आरोपी सस्ती और अवैध शराब को बिना किसी लाइसेंस या परमिट के खरीदते थे। इसके बाद उसे ब्रांडेड कंपनियों की खाली बोतलों में भरकर, नकली लेबल और सील लगाकर बाजार में महंगे दामों पर बेचते थे। इस तरह वे मोटा मुनाफा कमा रहे थे, जबकि लोगों की जान के साथ खिलवाड़ कर रहे थे।

## एमडीयू कुलसचिव ने सीएम से की शिष्टाचार भेंट



रोहतक। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. कृष्णकांत ने गत दिवस फरीदाबाद में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. कृष्णकांत ने मुख्यमंत्री को विश्वविद्यालय की शैक्षणिक, शोध एवं सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों बारे जानकारी दी। साथ ही विश्वविद्यालय की बुनियादी आवश्यकताओं एवं आगामी विकास योजनाओं पर भी चर्चा की। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के समग्र विकास के लिए सकारात्मक सहयोग का आश्वासन देते हुए उच्च शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों एवं निरंतर प्रगति के लिए शुभकामनाएं दीं।




# मदवि विवाद पर महापंचायत: दोषियों के खिलाफ आंदोलन तेज करने का ऐलान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

***तीन महिला सफाई कर्मचारियों के साथ हुई अमानवीय घटना और उत्पीड़न का विरोध***

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में 26 अक्टूबर 2025 को तीन महिला सफाई कर्मचारियों के साथ हुई अमानवीय घटना और कथित यौन उत्पीड़न के मामले ने अब एक बड़े जन आंदोलन का रूप ले लिया है। आरोपियों की बहाली के विरोध में छात्र संगठनों द्वारा बुलाई गई सामाजिक महापंचायत में पूरे जिले से भारी संख्या में लोग, ग्रामीण और साधु-संत एकजुट हुए। भंते डॉ. बुद्ध प्रताप विनय की अध्यक्षता में हुई इस पंचायत में समाज के प्रतिनिधियों ने एमडीयू प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए। वक्ताओं ने कहा कि इंटरनल कंप्लेंट कमेटी द्वारा दोषी पाए जाने और बर्खास्तगी के बावजूद, असिस्टेंट रजिस्ट्रार को बहाल करना न्याय का गला घोंटने के बराबर है। पंचायत में एक ऑडियो क्लिप भी जारी की गई, जिसमें कथित तौर पर दबाव बनाने और मामले को दबाने की बात कही जा रही है। पंचायत ने कड़ा रुख अपनाते हुए निर्णय लिया कि एक विशेष कमेटी का गठन कर जल्द ही बड़े आंदोलन की रूपरेखा तैयार की जाएगी। छात्र नेताओं—विक्रम सिंह डोमोलिया, प्रदीप मोटा और दिनेश कांगड़ा ने स्पष्ट किया कि जब तक दोषियों को पुनः बर्खास्त नहीं किया जाता और कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित नहीं होती, संघर्ष जारी रहेगा। महापंचायत में मुख्य रूप से भंते बुद्धि रतन, भंते संघ प्रिय, सरपंच अनूप मादोदी, राकेश ककराना और राजवीर वाल्मीकि सहित अनेक सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सीएम के कार्यक्रम के मद्देनजर महम में धारा 163 लागू

**रोहतक।** जिलाधीश सचिन गुप्ता ने 5 अप्रैल को महम में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के कार्यक्रम के दृष्टिगत भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा लागू करने के आदेश जारी किए है। साइबर कैफे, पीजी संचालक, गैस्ट हाऊस, होटल व मकान मालिकों को भी अपने यहां आने वाले आगंतुकों, किरायेदारों का पूरा रिकॉर्ड रजिस्टर में दर्ज करने व पहचान पत्र की फोटोकॉपी सुरक्षित रखने के निर्देश दिए गए है। जिलाधीश सचिन गुप्ता द्वारा जारी आदेश के तहत महम उपमंडल में 5 अप्रैल को ड्रोन, माइक्रो लाइट एयरक्राफ्ट, ग्लाइडर/पावर ग्लाइडर, हॉट एयर बैलून, पतंगबाजी एवं चाइनीज माइक्रो लाइट जैसे उड़ने वाले उपकरणों के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है। इसी तरह महम में स्थित सभी साइबर कैफे, पीजी संचालक, गेस्ट हाउस, होटल, कार्यालय संचालक एवं मकान मालिकों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने यहां आने वाले सभी आगंतुकों, किरायेदारों एवं कर्मचारियों का पूरा रिकॉर्ड रजिस्टर में दर्ज करें तथा उनके पहचान पत्र की फोटो कॉपी सुरक्षित रखें। इन आदेशों का उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के तहत सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

हरिभूमि
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

**मृत्यु अंत नहीं है**
मृत्यु कभी भी अंत नही हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
**तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश**
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
| --- | --- | --- |
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

## बीएमयू के पास स्कूटी लूट मामला : दो और आरोपी गिरफ्तार, वाहन बरामद

**रोहतक।** पुलिस ने बीएमयू के पास हुई स्कूटी छीनने की वारदात में कार्रवाई करते हुए दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस पहले ही इस मामले में एक आरोपी को काबू कर चुकी थी। अब तक कुल तीन आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है, जबकि मामले की जांच जारी है। थाना आईएमटी प्रभारी उपनिरीक्षक अश्वनी कुमार के अनुसार, सेक्टर-1 निवासी विनोद की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया। शिकायत में बताया गया कि विनोद अपने साथी के साथ स्कूटी पर दिल्ली रोड से सेक्टर-1 की ओर जा रहा था। जब वे बीएमयू के गेट नंबर-1 के पास पहुंचे, तो अचानक चार युवक रास्ता रोककर खड़े हो गए। आरोपियों ने चाकू दिखाकर डराया और स्कूटी छीनकर मौके से फरार हो गए। मामले की जांच उपनिरीक्षक सुरेंद्र द्वारा की गई। जांच के दौरान पुलिस ने 3 अप्रैल को आरोपी अमन (निवासी बोहर) और अक्षय (निवासी सुंदरपुर) को गिरफ्तार कर लिया। वारदात में शामिल एक अन्य आरोपी को पहले ही पकड़ा जा चुका है। पुलिस ने छीनी गई स्कूटी भी बरामद कर ली है।

